Title: Need for construction of a railway over bridge at railway gate at Makronia station in Sagar Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री वीरेन्द्र कुमार (सागर) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र सागर के मकरोनिया स्टेशन के पास रेलवे फाटक है जोकि कानपुर-भोपाल नेशनल हाइवे 86 पर स्थित है। इस राष्ट्रीय राजमार्ग से कानपुर एवं यू.पी. के अन्य शहरों से तथा मध्य प्रदेश के रीवा, सतना, सीधी, शहडोल, शक्तिनगर, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़ से वाहनों का बड़ी संख्या में नागपुर, मद्रास तथा मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की ओर इसी रेलवे फाटक से होकर आना-जाना होता है। सागर का इंजीनियरिंग कालेज भी रेलवे फाटक के उस तरफ पड़ता है। यह रेलवे लाईन की गुड्स ट्रेक होने के कारण प्रत्येक 15-20 मिनट में कोई न कोई मालगाड़ी निकलती रहती है।

अत: केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वाहन वाले यात्रियों की कठिनाईयों को अनुभव करते हुए उनकी सुविधा के लिए आवागमन को सुगम बनाने के लिए मकरोनिया रेलवे फाटक पर रेलवे ओवरब्रिज बनवाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करवाने की आवश्यकता है।